लाभार्थी का नामः – खुशबु कुमारी

जगहः– बिहटा, गया बिहार।

बैंक :– इंडियन बैंक

कार्यकलाप – फलों का रस निर्माण।

श्रेणीः– मुख्यमंत्री उद्यमी योजना

ऋण प्राप्त राशिः– 10,00,000/–

मेरा नाम खुशबू कुमारी है। मै गया जिला के एक छोटे से गॉव बिहटा की निवासी हुं। मैं फलों से जुडे व्यवसास में अपना कैरियर बनाना चाहती थी। परन्तु पर्याप्त पैसे के अभाव के कारण मै व्यवसास नही कर पा रही थी। विशेषकर मै फलों से जूस बनाना चाहती थी। जिसके लिए बड़े संयत्र की आवश्यकता थी तथा मैं ऋण लेने के लिए खिजरसराय प्रखण्ड़ के तीन–चार बैंकों के दरवाजे खटखटाया परन्तु सफलता नहीं मिली। उसके बाद मुझे अखबार के माध्यम से मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के बारे में जानकारी प्राप्त हुई इस योजना के बारे में और अधिक जानकारी के लिए मैं जिला उद्योग केन्द्र से सम्पर्क की मैं पूर्व से ही फलों के व्यवसाय से जुड़ी हुई हुं तथा मै अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने हेतु महाप्रबंधक से संपर्क कि तो उन्होंने इस योजना का विस्तृत जानकारी दी। जिसके बाद मैनें online आवेदन किया और मेरा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना में चयन हो गया। चयन होने के बाद मुझे दो किस्त में 10,000,00 लाख का ऋण मिला जिसमें 6 लाख मशीन क्रय तथा चार लाख कार्यशील पूॅजी के लिए मिला। जिसके बाद मैं जूस निर्माण का काम अच्छे तरीके से शुरू कर दी। आज मेरा व्यवसाय बहुत ही अच्छे तरीके से चल रही हैं और मैं उनलोगों को भी रोजगार दे रही हॅु। जो मेरे जैसे आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे और आज वो आर्थिक तंगी से मुक्त है और मेरा परिवार भी खुशी से जीवन–यापन कर रहा हैं। इन सबों के लिए मैं जिला उद्योग केन्द्र गया, को धन्यबाद देना चाहती हुं।